राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवगंज के नवीन भवन का शिलान्यास

विद्यालयों में बालिका शिक्षा से जुड़े गौरवमयी चरित्रों का अध्ययन करवाया जाए

—राज्यपाल

जयपुर, 3 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रदेश के विद्यालयों में बालिका शिक्षा से जुड़े गौरवमयी चरित्रों का अध्ययन करवाया जाना चाहिए। इससे बच्चों को न केवल प्राचीन ज्ञान से जोड़ा जा सकेगा, बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलेगी।

राज्यपाल श्री मिश्र शनिवार को सिरोही जिले में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवगंज के अतिरिक्त नवीन भवन के शिलान्यास के उपरांत ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने 1852 में देश में बालिकाओं के लिए पहले विद्यालय की स्थापना करने वाली प्रख्यात समाज सुधारक स्वर्गीय सावित्री बाई फुले को याद करते हुए कहा कि किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास का आधार बालिका शिक्षा ही है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देने के लिए बालिकाओं को पढ़ाने और आगे बढ़ने के अधिकाधिक अवसर देने होंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निर्माण करना भी है, इससे उनमें मौलिक सोच विकसित होती है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसा वातावरण निर्मित करना होगा जिससे लड़के—लड़कियों में भेद की सोच को खत्म किया जाए तभी देश वास्तविक रूप में सभी क्षेत्रों में विकसित हो सकेगा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि देश की नई शिक्षा नीति व्यापक विचार विमर्श के पश्चात तैयार की गई है। इसमें सह—पाठयक्रम, पाठ्येत्तर गतिविधियों के साथ व्यावसायिक एवं गैर व्यावसायिक विषयों को समाहित करते हुए लचीली शिक्षण पद्धति पर बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में विज्ञान, कला, संस्कृति के साथ—साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से संबद्ध अध्ययन की स्वतंत्रता भी दी गई है।

जिला प्रभारी तथा खान एवं गोपालन विभाग मंत्री श्री प्रमोद भाया ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बालक—बालिकाओं को शिक्षा के लिए बेहतरीन संसाधन—सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सिरोही जिले के विकास के लिए राज्य सरकार के स्तर से कोई कोर—कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।

शिक्षा राज्यमंत्री श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है। हाल ही जारी शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स की रिपोर्ट में राजस्थान को दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के साथ ऊपर से दूसरी श्रेणी (ग्रेड वन प्लस) में रखा गया है। जिन ब्लॉक में विवेकानन्द मॉडल स्कूल नहीं हैं, उन 168 ब्लॉक में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं, जिसके सुखद परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी बजट में भी 5 हजार से अधिक आबादी वाले स्थानों पर 200 अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की घोषणा की गई है।

जालोर–सिरोही सांसद श्री देवजी एम. पटेल ने कहा कि एक बेटी को पढ़ाने से दो घरों में शिक्षा का उजियारा फैलता है। उन्होंने सभी से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में अहम भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए बेटियों का पढ़ने के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

विधायक श्री संयम लोढ़ा ने कहा कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवगंज का वर्तमान भवन अस्पताल हेतु लिए जाने का निर्णय किए जाने के बाद इस नवीन भवन का आज यहां शिलान्यास किया गया है। डीएमएफटी फंड से बनने वाले इस भवन पर एक करोड़ 40 लाख रुपए की अनुमानित लागत आएगी।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशियका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, सिरोही के जिला कलक्टर श्री भगवती प्रसाद कलाल, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह, शिवगंज नगर पालिका अध्यक्ष वजींगराम घांची सहित गणमान्यजन ऑनलाइन उपस्थित रहे।

———